छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

फोन नं. –0771–2439562, 2446556 (फैक्स), वेबसाइट–www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 962 /01/चयन/2022 नवा रायपुर दिनांक 10/01/2022

साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन हेतु "सूचना पत्र"

चिकित्सा विशेषज्ञ

(लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 08/2021/परीक्षा/दिनांक 23/10/2021 रोजगार और नियोजन में प्रकाशन दिनांक 27.10.2021 के अंतर्गत **चिकित्सा विशेषज्ञ** के कुल विज्ञापित 641 पदों में से 640 पदों हेतु कुल 350 अभ्यर्थियों का सीधे साक्षात्कार दिनांक 27.01.2022 से 31.01.2022 तक आयोजित किया जावेगा **तथा 01 पद (क्लीनिकल पैथोलॉजिस्ट) हेतु कुल 24 अभ्यर्थियों का केवल दस्तावेज सत्यापन दिनांक 29.01.2022 को आयोजित किया जायेगा एवं साक्षात्कार की तिथि की सूचना पृथक से जारी की जायेगी।**

उपरोक्त पदों हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन/साक्षात्कार निर्धारित समय–सारणी के अनुरूप निर्धारित पाली **प्रथम पाली–** पूर्वान्ह 10.30 बजे से 01.30 बजे तक तथा **द्वितीय पाली–** अपरान्ह 02.00 बजे से 05.00 बजे तक किया जायेगा। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं का "प्रमाण–पत्र" ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि अथवा उसके पूर्व प्राप्त कर लिया होना चाहिए। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं के प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। इस संबंध में शैक्षणिक दस्तावेजों/स्थायी जाति/निवास/आय/निःशक्तजन प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/अन्य प्रमाण पत्रों के मूल प्रति तथा एक–एक सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें। आवश्यक शैक्षणिक अर्हता/अन्य प्रमाण पत्रों की कमी होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी एवं इस संबंध में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

नोटः– नोवेल कोराना वायरस (Covid-19) के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आयोग कार्यालय परिसर में केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा, अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अन्य के लिए प्रवेश निषेध है। अभ्यर्थियों को फेसमास्क लगाना एवं हेंड सेनेटाईजर रखना अनिवार्य है, जो अभ्यर्थी फेसमास्क एवं हेंड सेनेटाईजर के बिना साक्षात्कार हेतु उपस्थित होगा उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

10.1.2022

परीक्षा नियंत्रक

छ.ग. लोक सेवा आयोग

नवा रायपुर, अटल नगर